# Dynamic Cables Limited

(Govt Recognised STAR Export House)

www.dynamiccables.co.in

**Date:** May 31, 2022

To
**BSE Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street**
**Mumbai—400 001(Maharashtra)**

**Sub: Newspaper Advertisement - Extract of Audited Financial Results for the quarter and year ended on March 31, 2022**

**Ref: Dynamic Cables Limited - Scrip Code - 540795**

Dear Sir/ Madam,

Pursuant to Regulation 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing the Extract of Audited Financial Results for the quarter and year ended on March 31, 2022 published in Economic Times (English) and Nafa Nuksan & Business Remedies (Hindi) on May 31, 2022.

The same is also made available on the website of the Company at www.dynamiccables.co.in

Please take this on record.

Thanking you,
**For Dynamic Cables Limited**

DYNAMIC CABLES LIMITED * JAIPUR *

**Yagya Dev Sharma**
**(Company Secretary and Compliance Officer)**
**M. No. - A45053**

Encl.: as above

HT Upto 66KV & LT Aerial Bunched, Power, Control & Railway Signalling Cables, ACSR/AAC / AAAC / AL-59 / MVCC Conductors.

Mangal Group
promoting value engineering
CE intertek Total Quality. Assured.

CIN: L31300RJ2007PLC024139
Regd. Office & Unit-1: F-260, Road No.13, VKI Area, Jaipur-302013 (INDIA)
Ph: +91 141 2262589, 4042005 | Fax: +91 141 2330182 | Email:info@dynamiccables.co.in

# कपास पर आयात शुल्क छूट को 31 दिसंबर तक बढ़ाने के बारे में जल्द फैसला करें अधिकारी : गोयल

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली



मौजूदा सत्र में कपास और धागे की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि के बीच केंद्रीय कपड़ा और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे कपास पर आयात शुल्क छूट को 31 दिसंबर तक विस्तार देने के मामले को जल्द अंतिम रूप दें। सरकार ने पिछले महीने जनहित में कपास की कीमतों का नीचे लाने के लिए 30 सितंबर तक इसके आयात पर सीमा शुल्क की छूट की घोषणा की थी।

मंत्री ने कपास की वर्तमान आपूर्ति बढ़ाने और उत्पादकता को मजबूत करने से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए रविवार को मुंबई में नवगठित कपड़ा सलाहकार समूह के साथ एक बैठक की।

मौजूदा जरूरत को पूरा करने के लिए मंत्री ने स्टॉक की उपलब्धता वाले गंतव्यों से आयात को सुविधाजनक बनाने और प्रक्रियाओं से जुड़ी आवश्यताओं को सुगम करने को कहा है।

एक सरकारी बयान में कहा गया है कि कपड़ा सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह ने उद्योग को सलाह दी है कि वह कुछ गंतव्यों से आयात के लिए प्रक्रिया से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय से संपर्क करे।' इसमें कहा गया, कि 'आयात शुल्क में छूट की अवधि 31 दिसंबर, 2022 तक बढ़ाने के संबंध में गोयल ने संबंधित अधिकारियों को मामले को जल्द अंतिम रूप देने का निर्देश दिया।' कपड़ा सलाहकार समूह के अध्यक्ष सुरेश कोटक ने विशेष रूप से नई जल्दी परिपक्व होने वाली किस्मों की बुवाई के लिए बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए बीज प्रणाली में सुधार करने की जरूरत पर बल दिया। कपास की कीमतों में तेज वृद्धि और धागे और कपड़ों की कीमतों पर इसका असर सूती कपड़ा मूल्य श्रृंखला की संभावित वृद्धि को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कपास के आयात के लिए सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना विकास उपकर से छूट को अधिसूचित किया था। अधिसूचना 14 अप्रैल, 2022 से प्रभावी हुई और 30 सितंबर, 2022 तक लागू रहेगी। उद्योग कच्चे कपास पर पांच प्रतिशत मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना और विकास उपकर (एआईडीसी) हटाने की मांग कर रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि उत्पादकता को प्रभावित करने वाले कारकों से समयबद्ध तरीके से निपटने की जरूरत है और उद्योग को इसमें स्व-नियामकीय भाव के साथ भाग लेना चाहिए।

# हाजिर मांग के कारण कच्चे तेल वायदा भाव में तेजी

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में सोमवार को कच्चा तेल की कीमत 74 रुपये की तेजी के साथ 8,971 रुपये प्रति बैरल हो गयी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल के जून महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 74 रुपये या 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,971 रुपये प्रति बैरल हो गयी। इसमें 10,378 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 115.61 डॉलर प्रति बैरल हो गया। वहीं ब्रेंट कच्चा तेल का दाम 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 119.86 डॉलर प्रति बैरल हो गयी।

**SHANKAR LAL RAMPAL DYE-CHEM LIMITED**

CIN: L24114RJ2005PLC021340

S.G. 2730 SUWANA, BHILWARA - 311011, RAJASTHAN, INDIA

Website: www.srdyechem.com Email ID: info@srdyechem.com, Ph: 01482-220062

NOTICE OF THE EXTRA ORDINARY GENERAL MEETING

Notice is hereby given that the Extraordinary General Meeting ("EGM")of the members of Shankar Lal Rampal DyeChem Limited will be held onTuesday, 28thJune, 2022 at 3.00 PM through VC/OAVM only, to transact the business as set out in the notice convening the said EGM.

In view of the compliance with circulars issued by Ministry of Corporate Affairs (Circular No. 3/2022 dated 05/05/2022) and by SEBI (Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13/05/2022), (hereinafter collectively referred to as "Applicable Circulars"),in relation to "Relaxation from Compliance with certain provisions of Listing Regulations due to the Covid-19 pandemic (hereinafter collectively referred to as "SEBI Circulars") to transact the business as set out in the Notice of EGM. Members attending the EGM through VC/OAVM facility shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of the Act.

In compliance with the above circulars the EGM Notice has been sent in electronic mode to Members whose e-mail address is registered with the Company or the Depository Participant(s)as on Cut Off date Friday, 27thMay, 2022. The Notice can also be accessed from the websites of the Stock Exchange i.e. BSE Limited ("BSE") Notice will also be available on the Company's website www.srdyechem.com, website of BSE at http://www.bseindia.comand on the website of the National Securities Depository Limited (NSDL) a service provider for voting through remote e-Voting, for participation in the forthcoming EGM through VC/OAVM facility and e-Voting during the EGM at https://www.evoting.nsdl.com

PROCESS FOR THOSE SHAREHOLDERS WHOSE EMAIL/MOBILE NO. ARE NOT REGISTERED WITH THE COMPANY/DEPOSITORIES.

1. For Physical shareholders- please provide necessary details like Folio No., Name of shareholder, scanned copy of the share certificate (front and back), PAN (self-attested scanned copy of PAN card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) by email tocs@srdyechem.com/cameo@cameoindia.com.
2. For Demat shareholders - Please update your email id & mobile no. with your respective Depository Participant (DP)

Pursuant to Section 108 of the Act read with Rule 20 of Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended ("the Rules") and Regulation 44 of the Listing Regulations the Company has engaged the services of NSDL as agency for providing e-voting facility:

a) The Company has providedthe facility for remote e-voting facility prior to the EGM to all its shareholders to cast their votes electronically on all the resolutions mentioned in the notice of EGM of the Company dated 28thMay, 2022.
b) The manner of voting by the Members holding shares in dematerialised mode, physical mode and for members who have not registered their email addresses has been provided in the Notice of the EGM.
c) The voting rights of the shareholders/ beneficial owners shall be reckoned proportionate to the equity shares held by them at the end of business hours on 21st June, 2022. The E-Voting shall start on Friday, 24th June, 2022(09:00 AM onwards) to Monday, 27th June, 2022 (Till 05:00 PM); NSDL will block E-voting after that.
d) A person who is not a member as on the cut-off date, should treat the Notice for information purpose only. Any person who become members of the Company after dispatch of the Notice of the Meeting and holding shares as on the cut-off date i.e., 27thMay, 2022, may obtain the User ID and password for e-voting by sending email intimating DP ID and Client ID / Folio No. at helpdesk.evoting@NSDLindia.com with a copy to cs@srdyechem.com. However, if you are already registered with NSDL for e-voting, you can use your existing User ID and password for casting your vote.
e) E-voting shall not be allowed beyond 5:00 PM on Monday, 27thJune, 2022.
f) Further the facility for voting through electronic means shall also be available during the EGM, to the members who are attending the EGM and have not already cast their vote(s) through remote e-voting.
g) Members who have cast their vote by remote e-voting may also attend the EGM, but shall not be allowed to vote again at the EGM.

The detailed Instructions E-Voting, attending meeting via VC/OAVM, Speaker Registration, etc. are available in the EGM Notice emailed to members and uploaded on Investor Relation Tab of company's website, i.e., www.srdyechem.com. Members are requested to go through the same. The assistance can be sought from E-Voting Service Provider NSDL atevoting@nsdl.co.in.

For and on behalf of
SHANKAR LAL RAMPAL DYE-CHEMLIMITED
Sd/-
Aditi Babel
Company Secretary & Compliance Officer

Date: 28/05/2022
Place: Bhilwara

BUSINESS

## न्यूज ब्रीफ

### हाजिर मांग से चांदी वायदा में तेजी

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 374 रुपये की तेजी के साथ 62,490 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई महीने में डिलिवरी वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 374 रुपये या 0.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,490 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। इसमें 12,336 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू बाजार में तेजी के रुख के कारण कारोबारियों की ताजा लिवाली से मुख्यतः चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 22.30 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख को देखते हुए कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को बिनौलातेल खली की कीमत 16 रुपये की गिरावट के साथ 2,865 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। एनसीडीईएक्स में बिनौलातेल खली के जून माह में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 16 रुपये अथवा 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,865 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 90,360 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच मौजूदा स्तर पर कारोबारियों की बिकवाली से मुख्यतः यहां बिनौलातेल खली वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### धनिया वायदा कीमतों में गिरावट

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को धनिया की कीमत 18 रुपये की गिरावट के साथ 11,178 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के जून महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत 18 रुपये अथवा 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 11,178 रुपये प्रति क्विनटल रह गई। इसमें 13,770 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण मुख्यतः धनिया वायदा कीमतों में गिरावट आई।

### हाजिर मांग के कारण जस्ता वायदा कीमतों में तेजी

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** हाजिर मांग में तेजी आने के बीच हाजिर बाजार में मजबूती के रुख के कारण वायदा कारोबार में सोमवार को जस्ता की कीमत 5.10 रुपये की तेजी के साथ 335.50 रुपये किलो हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में मई महीने की डिलिवरी के लिये जस्ता की कीमत 5.10 रुपये यानी 1.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 335.50 रुपये प्रति किलो हो गयी। इसमें 1,326 लॉट के लिये कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग बढ़ने के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से जस्ता वायदा कीमतों में तेजी आई।

### भारी मांग से तांबा वायदा कीमतों में तेजी

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** भारी हाजिर मांग के बीच वायदा कारोबार में सोमवार को तांबे का वायदा भाव 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 780.95 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में तांबे का जून माह में आपूर्ति वाले अनुबंध की कीमत 4.05 रुपये या 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 780.95 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 3,875 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से तांबा वायदा कीमतों में तेजी आई।

### सोना वायदा कीमतों में तेजी


**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा बाजार में सोमवार को सोना 127 रुपये की तेजी के साथ 51,040 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून महीने की डिलिवरी के लिये सोना 127 रुपये यानी 0.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,040 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 1,057 लॉट के लिये कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई।

### एल्युमीनियम वायदा कीमतों में तेजी

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में तेजी के रुख के बीच सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा कारोबार में सोमवार को एल्युमीनियम की कीमत 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 243.20 रुपये प्रति किलो हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून माह में डिलिवरी के लिए एल्युमीनियम का भाव 1.65 रुपये यानी 0.68 प्रतिशत की तेजी के साथ 243.20 रुपये प्रति किलो हो गया। इसमें 2,585 लॉट के लिये सौदे किये गये।

# पीएम-किसान योजना के लाभार्थियों को आज 11वीं किस्त जारी करेंगे प्रधानमंत्री

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के लिए संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 21,000 करोड़ रुपये की 11वीं किस्त 31 मई को जारी करेंगे जिससे 10 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा।

कृषि मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल प्रदेश के शिमला में इस योजना की 11वीं किस्त जारी करेंगे। वह 'गरीब कल्याण सम्मेलन' के एक हिस्से के तौर पर केंद्र सरकार की 16 योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित होने वाले लोगों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संवाद भी करेंगे। गरीब कल्याण सम्मेलन नाम का राष्ट्रीय कार्यक्रम 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत आयोजित किया जा रहा है।

बयान में कहा गया, 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 21,000 करोड़ रुपये की 11वीं किस्त जारी करेंगे।' वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिल्ली के पूसा परिसर से इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। पीएम-किसान योजना के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की राशि दी जाती है जो 2,000 रुपये की तीन समान किस्तों में वितरित की जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा की जाती है।

प्रधानमंत्री ने गत एक जनवरी को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि की 10वीं किस्त जारी की थी जिससे 10 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को फायदा हुआ था। कृषि मंत्रालय ने कहा कि यह देश में अब तक का सबसे बड़ा एकल कार्यक्रम है जिसके तहत देश के सभी जिलों में देशव्यापी विमर्श होगा और प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय चैनलों पर होगा। इसके अलावा माईजीओवी डॉट इन के जरिये इसे वेबकास्ट भी किया जाएगा। अन्य सोशल मीडिया माध्यमों पर भी यह कार्यक्रम देखा जा सकेगा।

# 'सीमा शुल्क दरों को युक्ति संगत करने से सरकार को होगा 10,000-15,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान'

बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली

पिछले कुछ दिनों में इस्पात, लौह और प्लास्टिक उत्पादों पर सीमा शुल्क में बदलावों की वजह से सरकार को राजस्व में 10,000-15,000 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि सीमा शुल्क की दरों में किए गए बदलाव से करीब 10,000 करोड़ रुपये से लेकर 15,000 करोड़ रुपये तक के राजस्व का नुकसान हो सकता है। सरकार ने गत 22 मई को इस्पात उत्पादन में कच्चे माल के तौर पर इस्तेमाल होने वाले कोकिंग कोल एवं फेरोनिकल के आयात पर लगने वाले शुल्क को खत्म करने की घोषणा की थी। घरेलू स्तर पर इस्पात उत्पादन की लागत कम करने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है।

इसके अलावा लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी भी की गई है। साथ ही इस्पात उत्पादन में शामिल कुछ अन्य सामग्रियों पर भी सीमा शुल्क 15 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है।इसी तरह प्लास्टिक उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल के आयात पर भी सीमा शुल्क को घटा दिया गया है। सरकार ने घरेलू बाजार में इस्पात एवं प्लास्टिक उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने और दाम में कमी लाने के मकसद से ये कदम उठाए हैं। लेकिन इससे सरकार को राजस्व के मोर्चे पर नुकसान उठाना पड़ेगा।

# सरकार के अप्रत्याशित लाभ पर कर लगाने की संभावना नहीं: ओएनजीसी

बिज़नेस रेमेडीज/मुंबई

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ओएनजीसी ने सोमवार को कहा कि तेल एवं गैस कीमतों में तेजी से उत्पादकों को होने वाले अप्रत्याशित लाभ पर सरकार का नया कर लगाने का कोई इरादा नहीं है।

ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) का मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ 31.5 प्रतिशत बढ़कर 8,859.54 करोड़ रुपये रहा। वहीं बीते वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने रिकॉर्ड 40,306 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। कंपनी की चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अलका मित्तल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, कि हमें इस बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। पिछले सप्ताह ऑयल इंडिया लि. के चेयरमैन एस सी मिश्रा ने भी यही बात कही थी। मित्तल ने कहा कि सरकार हमसे तेल एवं गैस की खोज एवं उत्पादन के मामले में खर्च बढ़ाने को लेकर आक्रामक तरीके से कदम उठाने के लिये कहती रही है ताकि घरेलू उत्पादन बढ़ाया जा सके और आयात पर निर्भरता में कमी लायी जा सके। सरकार ओएनजीसी की प्रत्येक एक रुपये की कमाई पर 65-66 पैसा कर लेती है।

**डायनमिक केबल्स लिमिटेड**

सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार एक्सपोर्ट हाउस







www.dynamiccables.co.in

**31 मई 2022 को समाप्त तिमाही एवं वार्षिक के लिए अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(रूपये लाख में)


| | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.12.2021 (अनअंकेक्षित) | 31.03.2021 (अंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2021 (अंकेक्षित) |
| 1. | संचालन से कुल आय | 17,328.91 | 14,405.13 | 13,989.93 | 56,629.34 | 35,067.65 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण आइटम#) | 1,138.86 | 1,195.56 | 728.21 | 4,150.65 | 1338.47 |
| 3. | कर पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद#) | 1,138.86 | 1,195.56 | 728.21 | 4,150.65 | 1338.47 |
| 4. | कर पश्चात की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद#) | 848.22 | 909.42 | 534.34 | 3,089.98 | 984.50 |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि) अवधि के लिए (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल है) | 857.67 | 896.03 | 529.54 | 3,100.06 | 987.35 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 2,201.40 | 2,201.40 | 2,201.40 | 2,201.40 | 2,201.40 |
| 7. | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | -- | - | -- | 12,560.65 | 9,515.63 |
| 8. | प्रति शेयर आय (रु. 10 / - प्रत्येक) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | |
| | 1. मूल: (INR में) | 3.85 | 4.13 | 2.43 | 14.04 | 4.47 |
| | 2. घुलित: (INR में) | 3.85 | 4.13 | 2.43 | 14.04 | 4.47 |

नोट: (1) उपरोक्त वित्तीय परिणामों की ऑडिट समिति द्वारा समीक्षा की गई और निदेशक मंडल द्वारा 30 मई 2022 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में अनुमोदित किया गया। (2) कंपनी के वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं। (इंड एएस) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के रूप में संशोधित। (3) उपरोक्त 31.03.2022 को समाप्त तिमाही के लिए सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर वित्तीय परिणाम के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट यानी www.dynamiccables.co.in पर उपलब्ध है।

स्थान : जयपुर
दिनांक : 30 मई, 2022

निदेशक मण्डल के आदेशानुसार
डायनमिक केबल्स लिमिटेड

आशीष मंगल
प्रबन्ध निदेशक
DIN NO 00432213



Mangal Group

HT Upto 66KV & LT Aerial Bunched, Power, Control & Railway Signalling Cables, ACSR/AAC/AAAC & HVCC Conductors

CIN: L31300RJ2007PLC024139

पंजीकृत कार्यालय एवं यूनिट 1 : एफ-260, रोड नं. 13, वीकेआई एरिया, जयपुर-302013 (भारत)

टेलीफोन +91 141 2262589, 4042005 | फैक्स: +91 1412330182 ईमेल : info@dynamiccables.co.in